THE MINISTER OF STATE EN THE MINSTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No, Sir.

'(b) to (d) Do not arise.

अग्नि का सेना में शामिल किया जाना

4936. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय**
श्री दिग्विजय सिंह

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सेना में मध्यम दूरी तक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्र "अग्नि" को शामिल न करने का निर्णय लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं और यदि नहीं तो इसे कब तक शामिल कर लिया जायेगा ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) "अग्नि" एक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली नहीं है । रि-एण्टरी तकनालाजी स्थापित करने के लिए यह एक तकनालाजी प्रदर्शन वाहन है । 19 फरवरी, 1994 को अपने तीसरे उड़ान परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद यह परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो गई है ।

इलेक्ट्रानिकी के विकास के लिए राशि

4937. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) चालू वर्ष के दौरान और आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान इलेक्ट्रानिकी के विकास के लिए राज्यवार कुल कितना आबंटन किया गया है ।

(ख) इन आबंटनों में मध्य प्रदेश का जिलावार हिस्सा कितना है :

(ग) चालू वर्ष के दौरान और आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान मध्य प्रदेश में चालू की गयी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश हेतु इस क्षेत्र के लिए विदेशी निवेश के मंजूर किये गये प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय, इलेक्ट्रानिकी विभाग तथा महासागर विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्ड फलेरियो) : (क) योजना आयोग राज्यों के लिए इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र के लिए कोई विशिष्ट उप क्षेत्रवार आबंटन नहीं करता है । इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र के लिए केन्द्रीय सरकार का परिव्यय नीचे दिए अनुसार है :—

अवधि	परिव्यय
1994-95—140.6	करोड़ रुपए
आठवीं योजना—611	करोड़ रुपए

(ख) इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र में केन्द्रीय परिव्यय का राज्यवार कोई विशिष्ट आबंटन नहीं है । इलेक्ट्रानिकी विभाग अपने सूत्रों को विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों पर इलेक्ट्रानिकी उद्योग की आवश्यकताओं के आधार पर आबंटित करता है, जिसका निर्धारण विभिन्न विशेषज्ञ परिषदों तथा समितियों द्वारा किया जाता है ।

(ग) मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि की सहायता से विभिन्न संगठनों/संस्थानों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों का सूची विवरण (नीचे देखिए) में दी गई है

(घ) वर्ष 1993 के दौरान फैक्स कार्डों एवं अन्य संचार वस्तुओं तथा वीडियो टेप कैसटों के विनिर्माण के लिए इलेक्ट्रानिकी हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (ईएचटीवी) तथा 100% निर्यातोन्मुखी (ईओयू) योजनाओं के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य में 2 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया है जिसमें 157 लाख रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश शामिल है